**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 06 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-26/10-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 08 जनवरी, 2026

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/09 के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव विभाग के नियंत्रणाधीन वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के क्रमशः 693 व 16 पदों (कुल रिक्त 693+16=709 पदों) के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर मा० आयोग के निर्णय के अनुक्रम में श्रेणीवार चिन्हित कुल 5111 अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

सूच्य है कि दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले 02 अभ्यर्थी शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित उक्त 5111 अभ्यर्थियों के परिणाम में मेरिट के क्रम में चिन्हित हुए हैं, जबकि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत दिव्यांगजन श्रेणी हेतु पद चिन्हित नहीं हैं। अतः दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले एवं मेरिट क्रम में चिन्हित उक्त 02 अभ्यर्थी निर्धारित शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा चिकित्सा परीक्षा करने वाली टीम की रिपोर्ट एवं अन्तिम रूप से चयन की दशा में विभाग द्वारा लिये गये निर्णय के अधीन औपबन्धिक हैं।

सूच्य है कि प्रश्नगत पद के लिये शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा माह फरवरी / मार्च, 2026 में आयोजित की जानी संभावित है।

अतः उपर्युक्त सूचना एवं लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित 5111 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-12/गोपन/01/05/2024/2026, दिनांक 08.01.2026 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

08/01/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**

संख्याः– 12 /गोपन/01/05/2024/2026

लखनऊः दिनांक 08 जनवरी, 2026

आयोग के विज्ञापन संख्या–10–परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2022)/09 के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के आधार पर चयन के अगले चरण शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट ऑफ अंक–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 39.50 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 29.75 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 19.25 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 39.50 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 39.50 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 17.50 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | 08.75 |
| 3 | महिला | 15.50 |
| 4 | उत्कृष्ट खिलाड़ी | 08.75 |
| 5 | दिव्यांगजन | पद दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित नहीं है। |

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।